उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 25 /09/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2019-21/02-परीक्षा/2019

लखनऊ : दिनांक : 31 जुलाई, 2021

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-02-परीक्षा/2019, होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत निदेशक, होम्योपैथी, उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन होम्योपैथिक भेषिजिक (फार्मासिस्ट) के कुल रिक्त 420 पदों पर चयन हेतु सम्पन्न लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की अनुपूरक सूची के परिणाम से संबन्धित आयोग की सूचना सं0-24/09/कम्प्यूटर अनुभाग(बारह)/2019-21/02-परीक्षा/2019, दिनांक 27-07-2021 का संदर्भ ग्रहण करें।

आयोग की उक्त सूचना के क्रम में अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अनुपूरक सूची के अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण निम्नलिखित सारणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार दिनांक-09-08-2021 से 11-08-2021 तक उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ स्थित कार्यालय में आयोजित किया जायेगा-

क्र.सं.	दिनांक	प्रथम पाली (10.00 AM)	द्वितीय पाली (01.00 PM)	कुल
1	09-08-2021	48	48	96
2	10-08-2021	48	48	96
3	11-08-2021	46	46	92
		कुल योग		**284**

अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनके Document Verification Letter व अन्य प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। संबन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in के Homepage पर उपलब्ध Examination/Interview Segment के अंतर्गत Download Document Verification Letter पर क्लिक कर, वांछित प्रविष्टियां अंकित कर, आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अपने Document Verification Letter व अन्य प्रपत्र Download कर सकेंगे।

उपर्युक्त अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु निर्धारित तिथियों में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा अनुपस्थिति का कारण सहित प्रार्थना पत्र आयोग कार्यालय की ईमेल आई.डी. upsssc2014@gmail.com के माध्यम से अथवा उपस्थित होकर, दिनांक 10-08-2021 की सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु एक अंतिम अवसर दिनांक 11-08-2021 को प्रदान किया जाएगा, उसके उपरान्त कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

इसी प्रकार पूर्व में दिनांक 16-03-2021 से 20-03-2021 तक सम्पन्न अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों द्वारा अनुपस्थिति का कारण सहित प्रार्थना पत्र आयोग कार्यालय की ईमेल आई.डी. upsssc2014@gmail.com के माध्यम से अथवा उपस्थित होकर, दिनांक 10-08-2021 की सायं 05.00 बजे तक उपलब्ध कराये जाने के आधार पर अभिलेख परीक्षण हेतु एक अंतिम अवसर दिनांक 11-08-2021 को प्रदान किया जाएगा, उसके उपरान्त कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

2

सूच्य है कि अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की उक्त अनुपूरक सूची अंतिम चयन परिणाम नहीं है । अतएव अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु घोषित इस अनुपूरक सूची में सम्मिलित होने के आधार पर अंतिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन संबन्धी अंतिम परिणाम यथासमय घोषित किया जाएगा।

अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु आने वाले समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि उन्हें कोविड-19 महामारी से संबन्धित प्रोटोकॉल का पालन करना अनिवार्य होगा।

संबन्धित अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखों का परीक्षण नहीं हुआ है, अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखों का परीक्षण/सत्यापन किया जायेगा। अतः अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही डाऊनलोड किये गए Document Verification Letter व अन्य प्रपत्रों को प्रिंट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर अर्हता/अभिलेखादि परीक्षण हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

31.07.2021

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)

सचिव।